समाचार

# विधायक मद से वार्ड क्र. 04 में बनेगा सामुदायिक मंच

## (राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने 20 लाख रू. की लागत वाले उक्त विकास कार्य का किया भूमिपूजन)




कोरबा 30 जुलाई 2020 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा कोरबा विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल के विधायक मद से वार्ड क्र. 04 रानी गेट के पास सामुदायिक मंच का निर्माण किया जाएगा। आज राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही एम.आई.सी.सदस्यों व पार्षदगणों की उपस्थिति में उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 04 रानी गेट के पास विधायक मद से स्वीकृत 20 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक मंच का निर्माण कार्य किया जाना हैं। उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया गया। उन्होने पूजा अर्चना की तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर विकास कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्र के समुचित विकास के साथ–साथ पुराने कोरबा शहर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में निगम के सभी 67 वार्डो में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य कराए गए हैं, जो हम सबके सामने हैं। उन्होने कहा कि कोरबा पुरानी बस्ती से सीधे सर्वमंगला मंदिर तक पहुंचने हेतु लो–हाईटब्रिज के निर्माण तथा हरेली, भोजली, छठ पूजा सहित अन्य धार्मिक आयोजनों हेतु भव्य घाट के निर्माण हेतु 11 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है तथा आवश्यकतानुसार और अधिक राशि भी स्वीकृत की जाएगी। उन्होने कहा कि शासकीय स्कूल कोरबा को माडल स्कूल का स्वरूप देने एवं भवन के निर्माण हेतु एस.ई.सी.एल. के सी. एस.आर. मद से 07 करोड़ 11 लाख रूपये की स्वीकृति भी दिलाई गई है।

**अधोसंरचनात्मक विकास के साथ शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान** – राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कोरबा के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ–साथ यहां की स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी सुविधाओं की दिशा में तेजी के साथ कार्य किया जा रहा है, रानी धनराजकुंवर अस्पताल को और अधिक सुविधायुक्त बनाया जाएगा तथा वार्डो में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर सुविधाएं मुहैया कराकर लोगों को उनके वार्ड एवं बस्तियों में समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। मंत्री श्री अग्रवाल

अपने उद्बोधन में आगे कहा कि विद्यालयों का उन्नयन, स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार व नवनिर्माण की दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण व सुविधाएं प्राप्त हो सके। इस अवसर पर वार्ड क्र. 04 के पार्षद एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि वार्ड में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा 50 लाख रूपये की स्वीकृत दिलाई गई है, उक्त भवन का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है, उन्होने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में निगम के सभी वार्डो के साथ–साथ वार्ड क्र. 04 में भी व्यापक रूप से विकास कार्य कराए गए हैं, जो थोड़े बहुत कार्य
शेष बचे हैं, उन पर भी कार्यवाही हो रही है।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव व पार्षद सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर व सपना चौहान, पार्षद दिनेश सोनी, संतोष लांझेकर, रूपसिंह गोंड़, सुरेश सहगल, सतेन्द्र वासन, दुकालू श्रीवास, पूर्व पार्षद अर्चना उपाध्याय, मनीष शर्मा, मनकराम साहू, तारादेवी ठाकुर, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.भोजासिया, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, डॉ.संजय तिवारी, लीलाधर पटेल, अंजूला अनंत, अभय मिंज, सुरेश पटेल, रवि पी.सिंह, भुनेश्वर राज, रवि खुंटे, बंटी शर्मा, बच्चू मखानी आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।